आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 8:50बजे

चुनाव प्रचार

प्रदेश में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार– अभियान अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है और अब केवल तीन दिन ही शेष रह गए हैं। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही प्रमुख दलों के शीर्ष केन्द्रीय नेता प्रदेश में चुनाव प्रचार के लिए आ रहे हैं और मतदाताओं को रिझाने का प्रयास कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर आज सुजानपुर विधानसभा, धर्मपुर, भोरंज व घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में अनेक जगह चुनाव प्रचार करेंगे। वहीं शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप पच्छाद विधानसभा क्षेत्र व सोलन में चुनाव प्रचार करेंगे। मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर लोगों से वोट की अपील करेंगी। उधर कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज छोटा भंगाल व बड़ा भंगाल में चुनावी जनसभाएं करेंगे।

इधर कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी आज मंडी संसदीय क्षेत्र के तहत कुल्लू में जनसभा को सम्बोधित करेंगी। इसके बाद मंडी जिला के सुंदरनगर क्षेत्र में रोड शो कर चुनावी प्रचार को गति देंगी। इस दौरान उनके साथ मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी मौजूद रहेंगी।

मुख्यमंत्री

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि ये चुनाव भविष्य की राजनीति की दशा व दिशा तय करेगा। सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के पसतल, कुठेड़ा व पटलांदर में विभिन्न जनसभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकतंत्र और वोट की ताकत को बचाने के लिए भी ये चुनाव हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 महीने में ही प्रदेश सरकार ने जनहित में अनेक काम किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने महिलाओं को 15 सौ रूपए पेंशन देने की योजना को रोकने के लिए एड़ी–चोटी का जोर लगाया है।

अनुराग ठाकुर

केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने कहा है कि पिछले दस वर्षों में मादी सरकार ने महिला सशक्तिकरण को एक नया आयाम दिया है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के तहत गगरेट, हरोली, ऊना व कुटलैहड़ विधानसभाओं में आयोजित विभिन्न जनसभाओं में उन्होंने कहा कि केंद्र ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कर देश की विधायिकाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भाजपा के संगठन में भी महिलाओं के लिए 25 प्रतिशत आरक्षण लागू है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए गए 4 करोड़ मकानों में भी 50 प्रतिशत से अधिक का मालिकाना हक महिलाओं के पास है।

मौसम

प्रदेश के अनेक भागों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। गर्मी को देखते हुए ऊना ज़िले में 31 मई तक सभी सरकारी व निजी स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। ये आदेश प्री—प्राइमरी और प्राइमरी स्कूलों के साथ—साथ सभी माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों के लिए भी लागू होंगे। जिन स्कूलों में इस अवधि के दौरान परीक्षाएं निर्धारित हैं वहां परीक्षाओं का आयोजन सुबह 7 से 11 बजे के बीच किया जाएगा। दूसरी ओर सिरमौर ज़िले में नाहन क्षेत्र के ग्रामीण स्कूल और पावंटा उपमंडल के सभी स्कूलों को भी 31 मई तक बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। राज्य के अन्य ज़िलों में भी भीषण गर्मी से लोग बेहाल है और दिन के समय लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान मौसम साफ रहने और कुछ क्षेत्रों में लू चलने की संभावना जताई है।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

राजनीतिक बयानबाजी और गर्मी से जुड़ी खबरों को आज अधिकांश समाचार पत्रों ने महत्व दिया है। दिव्य हिमाचल भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के हवाले से लिखा है 400 सीटों के साथ तीसरी बार देश के पीएम बनेंगे मोदी। अखबार ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के बयान को सुर्खी दी है गारंटियां पूरी कर रही कांग्रेस, धर्म के नाम पर वोट मांगते हैं प्रधानमंत्री। दैनिक सवेरा टाइम्स ने जेपी नड्डा के बयान को शीर्षक दिया है आपदा में हिमाचल भेजे पैसे—पैसे का हिसाब लिया जाएगा। अखबार के अनुसार राहुल के बाद अब प्रियंका ने भी कहा—केंद्र की सत्ता में आते ही कांग्रेस अग्निवीर योजना को करेगी बंद।

आपका फैसला ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के बयान को शीर्षक दिया है जनबल जीतेगा और धनबल की होगी हार। इसी अखबार ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के हवाले से लिखा है नारा देना आसान, पर प्रियंका कभी लड़कियों के लिए नहीं लड़ीं।

दैनिक जागरण की एक सुर्खी है 60 वर्ष की आयु पूरा करने पर ही सेवानिवृत होंगे चतुर्थ श्रेणी कर्मी।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है विधायकों के इस्तीफों पर हाईकोर्ट में फैसला सुरक्षित।

हिमाचल में प्रचंड गर्मी का 11 साल का रिकॉर्ड टूटा, ऊना व नाहन में स्कूल बंद शीर्षक से अमर उजाला लिखता है 30 मई से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने पर गर्मी से निजात मिलने के हैं आसार।